卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 350 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦2 अक्टूबर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## स्वच्छ भारत की यात्रा करोड़ों भारतीयों की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक: मोदी

नई दिल्ली (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को गांधी जयंती पर स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत के 10 साल पूरे होने के अवसर पर राजधानी स्थित विज्ञान भवन में स्वच्छ भारत दिवस 2024 कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी स्वच्छता से संबंधित 9600 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकसित भारत की यात्रा में हमारा हर प्रयास 'स्वच्छता से संपन्नता' के मंत्र को मजबूत करेगा। गंदगी के प्रति नफरत ही हमे स्वच्छता के लिए मजबूर कर सकती



है और मजबूत भी कर सकती है। पीएम मोदी ने कहा कि आज पूज्य बापू और लाल बहादुर शास्त्री जी की जन्म-जयंती है। मैं मां भारती के सपूतों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। जिस भारत का सपना गांधी जी और देश की महान विभूतियों ने देखा था, वो सपना हम सब मिलकर पूरा करें, आज का दिन हमें ये प्रेरणा देता है। आज 2 अक्तूबर के दिन मैं कर्तव्यबोध से भी भरा हुआ हूं और उतना ही भावुक भी हूं। आज स्वच्छ भारत मिशन की यात्रा 10 साल के मुकाम पर पहुंच चुकी है। स्वच्छ भारत मिशन की ये यात्रा करोडों भारतवासियों की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बीते 10 साल में कोटि-कोटि भारतीयों ने इस मिशन को अपनाया है, अपना मिशन बनाया है, इसे अपने जीवन (शेष पृष्ठ सात पर)

## होटल के कमरे में कर्मचारी का शव मिलने से हड़कम्प

सितारगंज( उद संवाददाता)।औद्योगिक पार्क के होटल से कर्मचारी का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने होटल के रूम का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। जिसके बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। युवक दो माह पूर्व होटल में नौकरी के लिए आया था। पुलिस की प्राथमिक जांच में हृदय गति रुकने से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। थाना रानीखेत ग्राम खुशहाल निवासी 20 वर्षीय रवि



शंकर पुत्र टीकम चंद सिडकुल के होटल एसएनबी प्लाजा में नौकरी करता था। मंगलवार की शाम रवि शंकर रूम में सोने के लिए चला गया। रवि शंकर के दोस्त जयंत ने बताया कि रात को उसने रवि शंकर के फोन पर (शेष पृष्ठ सात पर)

## रोडवेज की टक्कर से हथिनी घायल

### मौके पर एकत्रित हुआ हाथियों का झुंड

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। रामपुर रोड पर बेलबाबा के पास हरियाणा रोडवेज की बस ने एक हथिनी को टक्कर मार दी। हादसे में हथिनी गंभीर रूप से चोटिल हो गई। चोटिल हथिनी को देखकर सड़क पर हाथियों का झुंड इकट्ठा हो गया। वन



विभाग ने मौके पर पहुंचकर हथिनी का उपचार शुरू कर दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक हल्द्वानी रामपुर रोड स्थित बेल बाबा मंदिर से करीब 200 मीटर आगे वन विभाग के बैरियर के पास हाथियों का झुंड सड़क पार कर रहा था इसी दौरान अचानक एक हथिनी रोडवेज बस के सामने आ गई। जिससे उसको टक्कर लग गई और वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। घायल हथिनी को देखने के लिए मौके पर हाथियों का झुंड एकत्रित हो गया।(शेष पृष्ठ सात पर)

## जयंती पर गांधी और शास्त्री जी को किया नमन

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने आवास पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उनके आदर्शों पर चलने का आहवान किया।वहीं राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। राजभवन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में भातखंडे संगीत महाविद्यालय देहरादून के कलाकारों द्वारा गांधी जी के प्रिय भजन-





रघुपति राघव राजा राम,'वैष्णव जन तो तैने कहिये जे पीर पराई जानि रे,श्री रामचन्द्र कृपालु भजुमनतथा,ठुमक चलत रामचंद्र बाजत पैजनिया की संगीतमय प्रस्तुति दी गयी। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने पूरी दुनिया के लिए सत्य और अहिंसा का मार्ग प्रशस्त किया है, उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री को स्मरण करते हुए कहा कि उनकी सादगी व सरलता भरा जीवन हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। ये दोनों महानायक हमारे नैतिक और राष्ट्रीय आदर्शों के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि आज के दिन हमें उनके आदर्शों पर चलते हुए सत्य, अहिंसा, शांति और समाज की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करना चाहिए। इस अवसर पर राज्यपाल ने सफाई के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले पर्यावरण मित्रों को सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना की। इस दौरान प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ (शेष पृष्ठ 7 पर)

## ट्रेन की चपेट में आकर डंपर चालक की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत रात्रि लालकुआं मार्ग पर मोतीनगर रेलवे क्रॉसिंग के समीप रेल ट्रैक पर एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। आशंका जताई जा रही है कि किसी ट्रेन की चपेट में आकर व्यक्ति की मौत हुई। मृतक मोटाहल्दू गांव का निवासी था और डंपर चलता था। घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजनों में कोहराम मचा। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात मोतीनगर रेलवे फाटक के समीप ट्रेन की



चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई। बुधवार प्रात: रेलवे के गेटमैन ने विभाग को शव पड़े होने की सूचना दी। जिसके बाद मौके पर कोतवाली लालकुआं की पुलिस व आरपीएफ ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भेज दिया। मृतक की शिनाख्त मोटाहल्दू किशनपुर सकुलिया निवासी 53 वर्षीय बिशन सिंह आगरी पुत्र मोहन सिंह आगरी के रूप में की गई। परिजनों ने बताया कि बिशन सिंह गत दिवस घर से काम के लिए गया था। देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजन उसकी खोजबीन में निकले। लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं लगा। (शेष पृष्ठ सात पर)

## रामपुर तिराहा काण्ड की बरसी पर मनाया काला दिवस

हल्द्वानी/रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुजफ्फरनगर कांड की तीसवीं बरसी पर राज्य आंदोलनकारियो ने मुजफ्फरनगर






कांड की बरसी मनाते धरना प्रदर्शन कर काला दिवस मनाया। हल्द्वानी में आंदोलनकारियों ने मुजफ्फरनगर में हुई हिंसक घटना के दोषियों को सजा नहीं मिलने पर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला भी जलाया। इस दौरान राज्य आंदोलनकारियों ने कहा कि उत्तराखंड राज्य को बने हुए आज 24 साल हो गए हैं। लेकिन आज भी सरकार की कमजोर पैरवी की वजह से मुजफ्फरनगर कांड में शहीद राज्य आंदोलनकारियों को न्याय नहीं मिल पाया है। राज्य आंदोलनकारियों ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के लिए शहादत देने वाले शहिद राज्य आंदोलनकारियों के सपनों का राज्य बनना तो दूर उनको न्याय तक नहीं मिल पाया है। आंदोलनकारियों ने सरकार से शहीदों के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग की। **रूद्रपुर**-रामपुर तिराहा काण्ड की बरसी पर उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी परिषद के प्रादेशिक आहवान पर राज्य आंदोलनकारियों ने गांधी पार्क में गांधी जी की मूर्ति के समक्ष धरना देते हुए काला दिवस मनाया। आंदोलनकारियों ने रामपुर तिराहा काण्ड के दोषियों को शीघ्र सजा दिलाए जाने की मांग की। इस दौरान उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष अवतार सिंह बिष्ट ने कहा कि रामपुर तिराहा कांड को 30 साल होने को है। बलात्कारी जघन्य हत्या, हत्याओं के गुनहगार खुले आम घूम रहे हैं। रामपुर तिराहा कांड के (शेष पृष्ठ सात पर)

## इस बार 'दस दिन' के होंगे 'शारदीय नवरात्रि'

### तृतीया तिथि दो दिन रहने के कारण दस दिन तक चलेगी जगत जननी की पूजा- आराधना, धर्म शास्त्रों के अनुसार नवरात्रों की तिथि बढ़ना बेहद शुभ लक्षण, साधकों के जीवन में समृद्धि लाने वाली होगी नवरात्रों की तिथि वृद्धि,कन्या राशि के जातकों को मिलेगा इसका विशेष लाभ

-अर्श-

रुद्रपुर। कल यानी 3 अक्टूबर से आरंभ होने वाली शारदीय नवरात्रि इस दफा कुछ खास है। वह इसलिए, क्योंकि आमतौर पर नवरात्रि नौ दिनों की होती है, लेकिन इस बार नवरात्रि की तृतीया तिथि दो दिन होने के कारण माता के नवरात्रों की धूम पूरे दस दिन तक रहेगी। बताना होगा कि अबकी बार की नवरात्रि पर तृतीया तिथि पांच एवं छह अक्टूबर को अर्थात दो दिवस रहेगी तथा बढ़ी हुई तृतीया तिथि अर्थात छह अक्टूबर की रात्रि में भद्रा काल भी रहेगा । इसके अगले दिन अर्थात सात अक्टूबर को नवरात्रि का चौथा दिन होगा ।धर्माचार्यों के अनुसार नवरात्रों की तिथि में वृद्धि बेहद शुभ होने के साथ-



साथ समृद्धि लाने वाली भी होती है सनातन धर्म के जानकारों के अनुसार नवरात्रि की अवधि में वृद्धि के कारण, कन्या राशि के जातकों के लिए बेहद शुभ योग बनने के आसार भी रहते हैं लिहाजा यह नवरात्रि घटस्थापना के समय कन्या राशि में चतुर्ग्रही योग बनाने की कारण ,कन्या राशि वालों के लिए बेहद शुभ एवं विशिष्ट है। नक्षत्र के जानकारों के अनुसार हर बार नवरात्र स्थापना पर चित्रा नक्षत्र एवं बुधादित्य योग योग रहता है जो की घट स्थापना में टाला जाता है, लेकिन इस बार कन्या राशि में चतुर्ग्रही योग बन रहा है ,जिसमें बुध ,सूर्य ,केतु और चंद्रमा विराजमान रहेंगे। इस प्रकार कन्या राशि में सूर्य एवं बुद्ध के मिलन सेबुधादित्य योग तथा शुक्र और राहु ग्रह के बीच षडाष्टक योग भी बनेगा। पंचांग के अनुसार शारदीय नवरात्र के दिन घटस्थापना मुहुर्त 03 अक्टूबर को सुबह 06 बजकर 15 मिनट से लेकर सुबह 07 बजकर 22 मिनट तक है। (शेष पृष्ठ सात पर)



रस्म पगड़ी

बड़े दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्म पत्नी **श्रीमती सरला मिगलानी** का आकस्मिक निधन दिनांक 30/09/2024 को हो गया है, उनकी आत्मिक शांति हेतु **रस्म पगड़ी** दिनांक 03/10/2024 दिन बृहस्पतिवार दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर (पांच मंदिर), रुद्रपुर में होगी।

शोकाकुल परिवार

मनोहर लाल मिगलानी (पति)
राकेश मिगलानी-मीनाक्षी मिगलानी (पुत्र-पुत्रवधु)
स्व. पंकज मिगलानी- रुचि मिगलानी (पुत्र-पुत्रवधु)
संदीप मिगलानी (पुत्र)
मंजू मल्होत्रा- अनिल मल्होत्रा (पुत्री-दामाद)
सान्या अर्श- अबीर मिगलानी (पोत्री-पोत्र)
एवं समस्त मिगलानी परिवार
**प्रतिष्ठान:- लवली स्वीट्स**
मेन मार्केट, रुद्रपुर मो.983752782

# तहसील दिवस में 67 शिकायतों का हुआ निस्तारण

काशीपुर(उद संवाददाता)। तहसील दिवस में उठी समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारित करना सुनिश्चित करें, यह निर्देश जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने मंगलवार को काशीपुर ब्लॉक सभागार में आयोजित तहसील दिवस में दिये। उन्होने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है और मा0 मुख्यमंत्री भी जन समस्याओं का समीक्षा करते हैं, इसलिए तहसील दिवस में पंजीकृत समस्याओं को समय से निस्तारण करते हुये मुख्य मंत्री जन समर्पण पोर्टल पर भी अपलोड करना सुनिश्चित करें। तहसील दिवस में विभिन्न प्रमाण पत्र, सड़क, बिजली, पानी, जल भराव, राशन कार्ड, आवास, पेंशन आदि से सम्बन्धित 152 शिकायतें पंजीकृत हुई जिसमे से 67 समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि तहसील दिवस में उठी जन समस्याओं का व्यक्तिगत रुचि लेकर समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो भी छोटी-छोटी समस्याएं आ रही है उन्हे अपने स्तर पर ही समाधान करें। उन्होने कहा कि तहसील दिवस में मौके पर जिन समस्याओं का निस्तारण संभव नहीं हो पाया है, उन सभी समस्याओं का समयबद्धता एवं प्राथमिकता से सम्बन्धित अधिकारी निस्तारण करना सुनिश्चित करें।तहसील दिवस में ग्राम सन्यासियोंवाला प्रभा देवी, वाचिया देवी, सीमा देवी, सुभाष चन्द्र पूरी ने बीपीएल राशन कार्ड बनवाने का अनुरोध





किया जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी व पूर्ति अधिकारी को सर्वे कराने के निर्देश दिए। इसी तरह प्रभा देवी, मीनू, लवप्रीत, विमला देवी, बीरो देवी तारा देवी व जगदीश ने प्रधानमंत्री आवास दिलाने का अनुरोध किया साथ ही आशा देवी ने आवास की दूसरी किश्त दिलाने का अनुरोध किया जिसपे जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को आवासीय सूची में सभी को प्राथमिकता से जोड़ने व आशा देवी को आवास की दूसरी किश्त जारी करने के निर्देश दिए। परमानंदपुर दभोरा निवासी लवप्रीत सिंह ने बताया कि उनके खेत के पास से सरकारी नाला निकल रहा है जो पूर्व में चौड़ा था अब महादेव क्रेशर वालों उक्त नाले पर अतिक्रमण कर नाले की चौड़ाई कम हो गई है जिस कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है, लगभग 5-6 वर्षों से उनके खेतों में पानी भरा रहने से 20 एकड़ फसल नष्ट हो जाती है। उन्होंने बताया कि उनके खेत के पास से ही यूपी की सीमा लग जाती है, तथा यूपी क्षेत्र में भी कई क्रेशर खुले हैं उन सभी ने भी उक्त नाले पर अतिक्रमण कर नाला बन्द कर दिया है। उन्होंने नाले को खुलवा कर सुचारू करवाने का अनुरोध किया जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को शीघ्र जाँच कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम खड़गपुर देवीपुरा वार्ड नं-9 में शुक्लेश आजाद के पीछे वाली गली वासियों ने विद्युत लाइटें लगवाने के अनुरोध किया जिस पर जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त व अधिशासी अभियंता विद्युत को लाईट लगवाने के निर्देश दिए। हरबंस सिंह ने कहा कि गाँव मुकुंदपुर दभौरा टाडा, गाँव अजीतपुर, गाँव परमानंद, गौशाला और सिख टाडा में कई जगह विद्युत पोलों की दूरी अधिक है जिससे विद्युत की तारें झूल रही हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को तुरंत क्षेत्र का सर्वे कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। हरबंस सिंह ने क्षेत्र में हैंडपंप से गन्दा पानी आने की शिकायत करते हुए हैंडपंप का रिबोर कराने का भी अनुरोध किया जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम को हैंडपंप के पानी की जांच कराने व रिबोर कराने के निर्देश दिए। बृजेश कुमार सक्सेना ने कृष्णा विहार कालोनी में नया ट्रांसफार्मर लगाने का अनुरोध किया जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश दिए। राजेश्वरी देवी ने कहा कि मेरा पुत्र दिव्यांग है, मेरा आय प्रमाण पत्र नहीं बनने के कारण मेरे दिव्यांग पुत्र को समाज कल्याण विभाग की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है, राजेश्वरी देवी ने आय प्रमाण पत्र बनवाने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को शीघ्र आय प्रमाण पत्र जारी करने के साथ ही जिला समाज कल्याण अधिकारी को दिव्यांग को तत्काल फार्म भरवाने के निर्देश दिए। श्यामपुर मोहल्ला वार्ड नं 4 निवासियों ने महादेव नगर के पूर्व व हरि शंकर मन्दिर के मध्य में सड़क व ड्रैनेज बनाने का अनुरोध किया जिस जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त व अधिशासी अभियंता लोनिवि को सर्वे कर आगड़न प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। शिवलालपुर निवासी नासिर ने जन्म प्रमाण पत्र बनाने का अनुरोध किया जी पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, ब्लॉक प्रमुख अर्जुन कश्यप, अध्यक्ष पीसीयू राम मल्होत्रा, प्रदेश महामंत्री भाजपा खिलेन्द्र चौधरी, प्रदेश मंत्री गुरविंदर सिंह चंडोक, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त विवेक राय, अपर पुलिस अधीक्षक अभय कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार पंकज चन्दोला, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई विभाग सुशील कुमार, मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 एसबी पाण्डे, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, जिला शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, जिला पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# पीएसी मेले में बिखरे विभिन्न संस्कृतियों के रंग

## ब्रदर्स म्यूजिकल ग्रुप व सांस्कृतिक दलों ने मचाई धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 31वी वाहिनी पीएसी का 54वॉ स्थापना दिवस सेनानायक प्रीति प्रियदर्शिनी के दिशा निर्देशन में वाहिनी परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर वाहिनी परिसर में तीन दिवसीय भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले के दूसरे दिन गत रात्रि वाहिनी में दूर दराज क्षेत्रों से आए लोक कलाकारों द्वारा जहां विभिन्न संस्कृतियों के रंग बिखेरे गए तो वहीं ब्रदर्स म्यूजिकल ग्रुप व सांस्कृतिक दलों ने भी जमकर धूम मचाई। निदेशक संस्कृति विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा भेजे गये सांस्कृतिक दल पार्टी नई दिशाएं, दलनायक किशन लाल एवं उनके साथियों ने, लोकगायक प्रभाकर जोशी, लोकगायिका सुश्री सीमा, वाहिनी आर्केस्ट्रा टीम, हेड कांस्टेबल प्रशिक्षणार्थी एवं पुलिस परिवार के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मधुर गीत एवं संगीत की धुनों के साथ साथ उपस्थित लोग भी नृत्य करते रहे। इस मौके पर वाहिनी के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन भी किया गया। जिसमे हर आयु वर्ग के लोगों ने प्रतिभाग कर काफी मनोरंजन किया।इसके अतिरिक्त कृष्णा हॉस्पिटल, रुद्रपुर के विभिन्न चिकित्सकों द्वारा जवानों के लिये स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर स्वास्थ्य जांच के साथ ही मुफ्त दवाइयॉ वितरित की गयी। मेले में मनोरंजन हेतु झूले, खिलौनों, फिरोजाबाद की चूड़ियां, महिला साज-सज्जा सामग्री, पहाड़ी दालें, लकडी से बनी आकर्षक वस्तुएं, खुर्जा का सामान, पिलखवा की चादरें, विभिन्न खेलों का सामान, मेरठ के स्पोर्ट्स का सामांन, खाद्य सामग्री, स्वादिष्ठ पकवान, वस्त्रों आदि के स्टॉल लगाये गये हैं। मेले में आए लोगों ने स्टालों में खूब खरीददारी की वही स्वादिष्ट पकवानों का स्वाद भी लिया। मेले का मुख्य आकर्षण का केन्द्र लक्की ड्रॉ है जिसमें प्रथम पुरस्कार के विजेता को स्कूटी, द्वितीय विजेता को एलईडी, तृतीय को फ्रिज व अन्य विजेताओं के लिए आकर्षित उपहार रखें गयें है। लक्की ड्रॉ कूपन आज रात्रि खोला जायेगा।जिसके पश्चात स्थापना दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय मेले का समापन होगा। इस अवसर पर डॉ. उत्तम सिंह नेगी, उप सेनानायक, तपेश कुमार चन्द्र, सहायक सेनानायक अन्य अधिकारी कर्मचारी समस्त 31वी वाहिनी पीएसी परिवार उपस्थित रहा।





# निरीक्षकों को दी साइबर क्राइम विवेचना के निस्तारण की जानकारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रकाश चंद एसपी सिटी की अध्यक्षता में पुलिस बहुउदेशीय भवन के सभागार में साइबर क्राइम/आईटी एक्ट से सम्बंधित अभियोगों की विवेचना के निस्तारण के संबंध में जनपद के समस्त निरीक्षकों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें साइबर क्राइम आईटी एक्ट से संबंधित अनेक बिंदु पर विचार विमर्श कर सुमित पांडे क्षेत्राधिकार भवाली आप्स द्वारा विवेचकों को जानकारी दी गई। साथ ही एसपी सिटी द्वारा प्रभावी दिशा निर्देश भी दिए गए।कार्यशाला



में साइबर क्राइम से संबंधित सूचना प्राप्त होने पर सर्वप्रथम क्याख्क्या कार्यवाही की जाय इसकी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साईबर फ्रॉड होने पर तत्काल बेनिफिसियरी अकाउंट की जानकारी करने के लिए किन टूल्स का उपयोग किया जाता है इसकी विस्तृत जानकारी बताई गई। अभियोगो की विवेचना के दौरान की जाने वाली कार्यवाही के बारे में विस्तृत रूप से समझाया गया साथ ही लिंक अकाउंट की डिटेल कैसे प्राप्त की जाएगी इसकी जानकारी दी गई। सभी विवेचकों को विवेचनाओं में गुणवत्ता लाने के टिप्स दिए गए। एसपी सिटी द्वारा सभी विवेचकों को निर्धारित समय में विवेचनाओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। कार्यशाला में राजेश यादव प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी, डीआर वर्मा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली लालकुआं, अरुण कुमार सैनी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रामनगर, हरपाल सिंह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मल्लीताल , हेम चंद पन्त प्रभारी साइबर सैल हल्द्वानी आदि मौजूद रहे।

# रामलीला मंचन में हुआ रावण का जन्म

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री रामलीला मैदान में कुमाऊं की प्राचीनतम रामलीला मंचन के दूसरे दिन रावण जन्म की कथा जिसमें महर्षि विश्रवा से विवाह के बाद कैकसी ने वीभत्स राक्षस रूपी पुत्र को जन्म दिया जिसके 10 सिर थे,उसके शरीर का रंग काला और आकार पहाड़ के सामान था। महर्षि विश्रवा ने सबसे बड़े पुत्र का नाम दशग्रिव रखा। जो बाद में रावण के नाम से तीनों लोकों में जाना गया।



साथ ही ब्रह्मा आदि देवताओं का आगमन, रावण के अत्याचार एवं आकाशवाणी आदि लीलाओं का बहुत ही सुंदर मंचन किया गया। व्यास गद्दी पर पंडित पुष्कर दत्त शास्त्री जी विराजमान रहे। रामलीला मैदान में राम सेवा माथुर वैश्य महिला समिति, प्रेरणा और प्रयास लीनस क्लब , पंजाबी वूमेंस क्लब, ऑल इंडिया वूमेन क्लब महिला संगठनों ने दी। मैदान में आज मुख्य रूप से प० विवेक शर्मा , जीवन चंद्र पांडे, सुषमा पांडे, पंकज कपूर, अशोक अग्रवाल, विजय भट्ट, प्रदीप जनौटी, विवेक कश्यप, अतुल अग्रवाल, मनोज गुप्ता, दिनेश गुप्ता, अमित जोशी, अरुण अग्रवाल पिंटू , सीमा देवल, मोनिका गुप्ता, सोनू जोशी, रश्मि राजपाल, रश्मि गुप्ता, हितेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी पर लिखित किताब पर गोष्ठी आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा कुमाऊं संभाग विभाग कार्यालय में आर सुब्रमण्यम द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लिखित किताब पावर विथइन द लीडरशिप लिगेसी आफ नरेंद्र मोदी पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, दर्जा राज्य मंत्री दीपक मेहरा, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, जिला संयोजक सेवा पखवाड़ा लाखन निगल्टिया , प्रकाश रावत, गीता ठाकुर, चंदन बिष्ट, नवीन भट्ट , रंजन बरगली, प्रगति जैन, योगेश रजवार, निवर्तमान मेयर डॉक्टर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला, गजराज बिष्ट, कार्तिक हरबोला, नन्हे कश्यप , संदीप कुकसाल, भुवन आर्य आदि लोग मौजूद रहे।




# वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठजनों को दीं योजनाओं की जानकारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर तहसील अंतर्गत स्थित श्री आनंद आश्रम वृद्धआश्रम बजवालपुर रामपुर रोड में समाज कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान प्रकट करने एवं उनको शारीरिक और भावनात्मक समर्थन प्रदान किये जाने के उद्देश्य से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सहायक समाज कल्याण अधिकारी राहुल आर्य द्वारा वरिष्ठ नागरिकों हेतु



समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन योजना एवं वरिष्ठ नागरिक भरण- पोषण आदि की जानकारी दी गई एवं वृद्धावस्था पेंशन आनलाईन किए जाने की विस्तृत जानकारी का विडियो आश्रम में निवासरत श्रीमती रेखा बिष्ट उम्र 75 द्वारा लांच किया गया। अंत में वृद्धजनों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए आश्रम में निवासरत सभी वृद्धजनों एवं स्टाफ को शपथ दिलाई गई। शिविर में सहायक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय बिष्ट, प्रबन्धक आनन्द आश्रम श्रीमती कनक चंद एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे। जनपद मे सभी विद्यालयों एवं स्वास्थ्य केन्द्रो मे वृद्ध जनों की रक्षा, सम्मान करने की शपथ ली गई ।

# शिविर में 126 मरीजों का हुआ नि:शुल्क हार्ट चैकअप

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में नारायण अस्पताल की ओर से विशेष हृदय जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें नारायण अस्पताल के वरिष्ठ हृदयरोग विशेषज्ञ डा. एसपी सिंह ने हृदय रोगों की जांच के साथ ही मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया और हृदय को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी टिप्स भी दिये। शिविर में कुल 126 मरीजों की जांच की गयी जिसमें से कई रोगियों में हृदय रोग के लक्षण पाये गये, जिन्हें उपचार के लिए जरूरी दवाईयां दी गयी और खान पान पर विशेष ध्यान रखने को कहा गया। नारायण अस्पताल में मंगलवार को सुबह दस बजे से दो बजे तक आयोजित विशेष हृदय जांच शिविर का शुभारम्भ अस्पताल के एमडी डा. प्रदीप अदलखा एवं डा. सोनिया अदलखा ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में शहर एवं आस पास के क्षेत्रों से आये कुल 126 मरीजों ने अपने हृदय की नि:शुल्क जांच कराई। शिविर में ईसीजी के साथ ही ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रोल आदि की जांच नि:शुल्क की गयी। चार मरीजों में हृदय रोग के लक्षण पाये जाने पर उन्हें एंजियोग्राफी की सलाह दी गयी। इसके अलावा कुछ अन्य मरीजों में हाई कोलेस्ट्रोल, हाई बीपी, और हाई शुगर की समस्या को देखते हुए उन्हें खान पान एवं दिनचर्या पर विशेष रूप से ध्यान देने को कहा गया। हृदय रोग विशेष डा. एसपी सिंह ने शिविर में आये लोगों को हृदय को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी सुझाव भी दिये। उन्होंने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में भी बताया । उन्होंने बताया कि भारत में हर साल हृदय रोगों से लाखों लोग प्रभावित



होते हैं, लेकिन समय रहते उचित जानकारी और सही जीवनशैली अपनाकर इन रोगों से बचा जा सकता है। डा. एसपी सिंह ने हृदय रोग के लक्षणों के बारे में भी बताया। कहा कि यदि छाती में दर्द या भारीपन महसूस हो, सांस फूलने की शिकायत आ रही हो, दिल की धड़कन बढ़ रही हो,घबराहट ,बेचौनी ,ठंडा पसीना, अत्यधिक थकान, पैरों में सूजन, अचानक बेहोश हो जाना या फिर चक्कर आ जाने के लक्षणों को हल्के में ना लें। जब इस तरीके के लक्षण हो तो डॉक्टर से संपर्क अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हृदय से संबंधित तमाम रोग चाहे जैसे ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रोल का असंतुलन जैसी समस्या बढ़ते बढ़ते विकराल रूप ले लेती हैं और बाद में हार्ट अटैक का कारण बन सकती है। इसका समय पर उपचार और खान पान में सावधानी व्यक्ति की जान बचा सकता है।इस अवसर पर डा. मुजीबुर्रहमान ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को भागदौड़ भरे जीवन में अपने शरीर का चेकअप कराते रहना चाहिए और डाक्टरों से सलाह अवश्य लेनी चाहिए। उन्होंने स्वस्थ रहने के तरीके भी बताए जिसमें बताया कि नियमित व्यायाम उचित आहार-विहार भोजन व तनाव मुक्त वातावरण के साथ-साथ पर्याप्त नींद भी आवश्यक है। कहा कि स्वस्थ जीवनशैली हृदय रोगों से बचा सकती है। इस अवसर पर एचआर हैड मोनिका करनवीर ने बताया कि अस्पताल में समय-समय पर जनसेवार्थ इस तरह के शिविर आयोजित होते रहते हैं। साथ ही विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में भी नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। भविष्य में भी अस्पताल की ओर से इस तरह के प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर अस्पताल के डा. अजय गौतम, डा. अनु नमग्याल, डा. नारायण प्रसाद मिश्रा, डा. प्रशांत, डा. शमीम अहमद, डा. नवीश, डा. जुगनू, डा. गुफरान, डा. अयूब अली, डा. रजत, डा. राजीव, मीनाक्षी श्रीवास्तव, राजन, निसार अहमद, विशाल बैरागी, शकील अहमद, पूनम भट्ट, पूरन सिंह मेहता, हेमंत नेगी, तुषार, वासु, अंकित, नेहा,फिजा, दिपांशु, मनीष, गुरविंदर, जस्सी आदि भी जुटे रहे।

# भाजपा युवा मोर्चा ने आयोजित किया सदस्यता अभियान कार्यक्रम

## भाजपा में होता है सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान: अजेय कुमार

गदरपुर (उद संवाददाता)। नगर के वार्ड नं 6 स्थित शहनाई वाटिका में भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मुनि भुसरी की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान कार्यक्रम किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे भाजपा संगठन प्रदेश महामंत्री अजेय,जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत,प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा रवि पाल,जिला प्रभारी नीरज बिष्ट जिला अध्यक्ष भाजयुमो विनीत चौधरी भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना,महामंत्री अभिषेक वर्मा सहित तमाम अतिथि मंचासीन रहे।कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा, जिलाध्यक्ष भाजयुमो विनीत चौधरी ने अपने कार्यर्ताओं में जोश भरते हुए नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, पुष्कर धामी जिंदाबाद के जोरदार नारे लगाकर अपने विचारों को रखा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगठन प्रदेश महामंत्री अजेय कुमार के मंच पर






आते ही कार्यकर्ताओ ने जोरदार नारे लगाकर व तालिया बजाते हुए अपने नेता का स्वागत किया।अपने संबोधन ने अजेय कुमार ने कार्यकर्ताओं को जागरूक करते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी को बनाने में बहुत सारे लोगों ने अपना जीवन लगा दिया एक समय ऐसा था एक समय भाजपा के दो सांसद हुआ करते थे और आज तीसरी बार देश के अंदर भाजपा की सरकार बनी है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने धारा 370 हटाने का काम किया राम मंदिर बनाने का काम किया और भी बहुत सारे ऐतिहासिक निर्णय जनहित में लिए, उन्होंने कहा कि मेरे जैसे एक साधारण कार्यकर्ता को पार्टी के विभिन्न दायित्व दिए और भारतीय जनता पार्टी सभी कार्यकर्ताओं को सम्मान देती है उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में भाजपा के सदस्य बनाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा में कहा गदरपुर का सौभाग्य है कि प्रदेश संगठन के सबसे मजबूत स्तम्भ ने आकर आज कार्यकर्ताओ को अपना आशीर्वाद दिया है।उन्होंने कहा जिस प्रकार प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी ने देश मे उत्तराखंड को पहले नम्बर पर लाने का काम किया है उसी प्रकार भाजपा संगठन महामंत्री अजय जी ने भी संगठन को पूरे प्रदेश में सबसे मजबूत और लोकप्रिय पार्टी बनाने का काम किया है। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मुनि भुसरी ने आये अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओ का आभार प्रकट किया।इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, प्रदेश महामंत्री रवि पाल, जिला प्रभारी नीरज बिष्ट, जिलाध्यक्ष विनीत चौधरी, युवा मोर्चा प्रभारी अभिषेक वर्मा, मिन्नी गुम्बर, नरेश हुडिया, सुभाष गुम्बर, कपिल गंडा, परमजीत सिंह पम्मा, अरविन्द पाल, अभिषेक गुम्बर, पंकज सेतिया, हरीश रल्हन, मनोज गुम्बर, हैप्पी चंद्रा, निर्मल नारंग, संजय चौधरी, वकुल अरोरा, राजबाला चौहान, कुलवीरी चौधरी आदि मौजूद थे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत चलाया सफाई अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऊधम सिंह नगर डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक रुद्रपुर में राष्ट्रीय स्तर पर मनाए जा रहे ''स्वच्छता ही सेवा 2024 पखवाड़े के अवसर पर बैंक सचिव महाप्रबंधक सुरेश सिंह नपल्च्याल के निर्देशन में बैंक के प्रांगण में सफाई अभियान चलाया गया एव स्वच्छता ही सेवा की शपथ कार्यक्रम



के नोडल अधिकारी हरी सिंह यादव द्वारा दिलाई गई।् बैंक कार्मिकों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपमहाप्रबंधक चरण सिंह, श्रीमती कविता गोदियाल ,रेशम सिंह, सूरज सिंह मेहता, कु. बरखा धर्मशक्तू, शिवांगी कांडपाल, हर्ष तिवारी, अजय कुमार सिंह, शिव कुमार शाक्य, गोविन्द फर्त्याल, हिमांशु पांडे, गोविन्द सिंह, श्रीमती सपना, निशांत सिंह, गौरव सिंह, नरेश चन्द्र, राजेन्द्र प्रसाद जोशी, सोनम, ललिता, राहुल, आलोक कार्की, दीपक कुमार, विकास जलाल, शुभम पाल, संदीप सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# श्रद्धालुओं ने किया सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

गदरपुर( उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में मंगलवार को श्रद्धालुओं द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी प० विजय शास्त्री द्वारा विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ श्री हनुमान चालीसा का पाठ प्रारंभ करवाया गया और सर्वत्र मंगल की कामना की गई । इस दौरान जीवन जोशी,विनोद



चुध,पंकज सेतिया,सोनू पोपली,शिवम् त्रिपाठी,कृष्ण गाबा, विनोद बजाज,अजय आहूजा,अजय बठला,अशोक कुमार मोर्य,रमेश मदान,हरीश रल्हन,कपिल गण्डा,राम प्रमाद ध्यानी,कशिश खुराना,अजय छाबड़ा ,दर्शन नेगी,बलवीर सिंह,कुनाल नारंग,केशव गगनेजा,सोम नाथ छाबडा,राज कुमार झाम,देवेन्द्र सिंह बिष्ट,अमरजीत बजाज, भीम सिंह,अजय कामरा, योगेन्द्र कुमार,नन्द किशोर,अशोक छाबडा,विकास गाबा,यश अरोरा,मोहित गाबा,सुमन अवस्थी,आशु बजाज,प्रमोद बजाज,राज कुमार सुखीजा, लेखराज नागपाल, लविश हुडिया, कनव गंगा आदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छ भारत अभियान रैली का आयोजन

गदरपुर( उद संवाददाता)। अधिशासी अधिकारी संजीव मेहरोत्रा एवं ब्रांड एम्बेसडर सुबोध कुमार शर्मा, नगर पालिका परिषद गदरपुर के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा 2024 के अन्तर्गत रैली का आयोजन किया गया। जिसमें जिसमें निकाय के प्रधान सहायक मुकेश भण्डारी, लिपिक विजेन्द्र कुमार, पैरोकार जयपाल शर्मा, कर संग्रहकर्ता मुकेश कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर अरूण कुमार, प्रिन्स, तौफीक, पर्यावरण पर्यवेक्षक राहुल,उमेश, एआरएस ब्रदर्स



नगर पालिका कार्यालय के कार्मिको एंव पर्यावरण मित्रों, नगर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ, एनडीआरएफ के जवान, आशा वर्कर, बाल विकास की आगंनबाड़ी कार्यकत्री,जल संस्थान के कार्मिकों द्वारा रैली में प्रतिभाग किया गया। एंव चिराग सर्विस प्रोवाइडर्स के सफाई कार्मिक आदि लोग मौजूद रहे। जिसमें लगभग 700 व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के समापन में अधिशासी अधिकारी द्वारा समस्त व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुये जल-पान का वितरण किया गया।

# तहसील दिवस पर उठाई बस्तियों की समस्याएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। तहसील में नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में इंदिरा नगर बनभूलपुरा के लोग पहुंचे। शकील ने तहसील दिवस प्रभारी को एक पत्र देकर भाजपा सरकार व स्वास्थ्य विभाग पर आरोप लगाया पूर्व एनडी तिवारी की सरकार ने



बनभूलपुरा में राजकीय चिकित्सालय का निर्माण कराया था। चिकित्सालय में कुछ डॉक्टर वह स्टाफ की नियुक्ति हुई। अब कुछ महीनो से यह हॉस्पिटल बंद होने के कगार पर है। ना तो यहां पर दवाइयां हैं और ना ही है कोई डॉक्टर है। सलमानी ने जल्द डॉक्टर व दवाइयां की व्यवस्था करने की मांग की।सलमानी ने अनुरोध किया नगर निगम का जो कूड़ा घर है वहां से इंदिरा नगर, बनभूलपुरा, उत्तर गोजाजाली आदि बस्तियों में बदबू के कारण लोग गंभीर रूप से बीमार पड़ रहे हैं। उक्त कूड़ा घर के बाहर सड़क पर कूड़ा पड़ा है जिससे लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा नगर निगम द्वारा जो स्ट्रीट लाइट लगाई थी वह महिनो से बंद पड़ी है। कई बार शिकायत करने के बाद भी खराब स्ट्रीट लाइटों को आज तक ठीक नहीं किया गया। शकील ने शनी बाजार गोला को जाने वाली सड़क जो सिविल लाइन पढ़ने के कारण तोड़ दी गई थी इसका निर्माण करने की मांग रखी कई विधवा महिलाओं वृद्धो ने रुकी पेंशन दिलाने की मांग की।

# ब्लॉक स्तरीय मिनी खेल प्रतियोगिता आयोजित

शक्तिफार्म( उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म के खेल मैदान में ब्लॉक स्तरीय मिनी क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे ब्लॉक सितारगंज के सरकारी एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों के अंडर 11 एवं अंडर 14 वर्ष वर्ग के छात्र छात्रा-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें लंबी कूद ऊंची कूद गोला फेक चक्का फेंक 600 मीटर दौड़ 400 मीटर दौड़ 200 मीटर दौड़ 100 मीटर दौड़ 50 मीटर दौड़, सुलेख मानचित्र साहित्य आदि प्रतियोगिताएं संपादित हुई। बालक बालिका वर्ग की मिनी कीड़ा प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि राजकीय इंटर कॉलेज शक्ति फार्म के प्रधानाचार्य श्री बालमुकुंद तिवारी जी एवं खेल सम्यवयक निर्मल सरकार जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर खेल का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन पंकज राय एवं खिलानंद



अटवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान निर्णायक की भूमिका में दिनेश चौहान ,निमाईचंद माझी, जसौद सिंह मेहता, बलवीर सिंह, रामकृष्ण माली, मनीष सक्सेना, सच्चिदानंद, बिजन राय ,रामजन्म चौहान, अनिल श्रेष्ठ, अवधेश कुमार, देवेंद्र कुमार राय, जयदेव मजूमदार ,कमलापति पर्गाई, रामानंद राणा, मंजू तनेजा, दीपा तिवारी, मूवीना मालिक, प्रदीप कुमार ,प्रकाश बोरा, मनोज कुमार, जसवीर सिंह, धनंजय सिंह ,कमल सिंह बसेड़ा, पीटीआई ललित जोशी, राम सिंह यादव ने निभाई ।

# नारद मोह के साथ रुद्रपुर की प्राचीन रामलीला का हुआ शुभारंभ





रूद्रपुर(उद संवाददाता)।नगर की प्राचीन बस अड्डे के सामनें वाली रामलीला का उद्घाटन बड़ी धूमधाम से मुख्य अतिथि बालाजी धाम के गुरुजी हरनाम जी द्वारा फीता काटकर एवं प्रभु श्रीराम चन्द्र जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। श्री रामलीला कमेटी तथा श्री रामनाटक क्लब के पदाधि कारियों एवं सदस्यों ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथिगणों को फूलमाला, रामनाम का पटका तथा शाल ओढाकर भेंटकर स्वागत किया। स्वागत संबोधन में श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि आज पूरे देश में रामलीला का धूम मची हुई है। प्रभु रामचन्द्र जी के आदर्शों को व्यक्त करती रामलीला को सपरिवार बड़ी संख्या में पहुंचें भक्तों नें अपने बच्चों को सोशल मीडिया और ड्रग्स के लती बनता देखने की बजाये उत्तम संस्कार दिये जाने की ललक ने रामलीला का महत्तय कई गुना अधिक कर दिया है। मुख्य अतिथि हरनाम जी ने कहा कि राम नाम की महिमा अनंत है। और वह बड़ी ही रहस्यमयी है। राम के नाम की महिमा राम से भी बड़ी है। इनकी महिमा हजारों मुख वाले शेषनाग भी करने में असमर्थ है। राम स्वयं भी अपने नाम की महिमा नहीं गा सकते राम न सकहि नाम गुन गाई। सतयुग में ध्यान करने से, त्रेता युग में यज्ञ करने से, द्वापर युग में पूजा करने से जो फल प्राप्त होता है वही फल कलयुग में केवल राम नाम कीर्तन से मनुष्य प्राप्त कर लेते हैं। जैसे जल प्रज्वलित अग्निको शान्त करने में समर्थ है, जैसे घोर अन्धकार को छिन्न-भिन्न करनेमें भगवान् सूर्य समर्थ हैं, उसी प्रकार भगवन्नाम कलिकाल के मद, मत्सर, दम्भ आदि समस्त दोषों को शान्त कर देता है। पहले दिन की लीला में दिखाया जाता है कि नारद मुनि भगवान विष्णु की भक्ति में साधना करने बैठ गए। ज्ञानी ध्यानी नारद मुनि को तप करते देख देवराज इंद्र को लगा कि कहीं नारद मुनि अपने तप के बल पर स्वर्ग की प्राप्ति तो नहीं करना चाहते! इस पर उन्होंने कामदेव को स्वर्ग की अप्सराओं के साथ नारद मुनि का तप भंग करने के लिए भेजा। लेकिन नारद मुनि पर कामदेव की माया का कोई प्रभाव नहीं हुआ। तब डरे हुए कामदेव ने नारद जी से क्षमा मांगी और स्वर्ग को लौट गए। कामदेव की माया से मुक्त रहने पर नारद मुनि को इस बात का अहंकार हो गया कि उन्होंने कामदेव पर विजय प्राप्त कर ली है। ऐसे में यह अपनी विजय का बखान करने पहले ब्रहमा जी, फिर शंकर जी और उसके बाद श्रीहरि के पास बैकुंठ पहुंचे और उन्हें पूरी घटना बताने लगे कि कैसे उन्होंने कामदेव को जीत लिया। श्रीहरि विष्णु नारद जी के मन में आ चुके अहंकार को जान गए और उन्होंने अपने परम प्रिय नारद मुनि को अहंकार से मुक्त करने का निश्चय किया। नारद जी उनकी इस लीला को समझ न सके। आखिरकार अंत में वह भगवान विष्णु को श्राप दे देते है। श्रीहरि विष्णु भगवान, नारद जी की बात सुनकर मुस्कुराते रहे। तभी राजकुमारी लक्ष्मी माता के रूप में समा गई। यह दृश्य देख नारद जी को समझ आया कि वह राजकुमारी कोई और नहीं स्वयं माता लक्ष्मी थीं और वह राजकुमार कोई और नहीं स्वयं श्रीहरि विष्णु थे। ज्ञान होने पर नारद मुनि भगवान से क्षमा मांगने लगे। लेकिन शाप को वापस नहीं ले सकते थे। श्रीहरि ने भी उनकी वाणी का मान रखा और श्रीराम के रूप में अवतार लिया। इसमें उन्हें माता सीता से वियोग भी सहना पड़ा और वानर रूपी रुद्रावतार हनुमानजी ने संकट के समय उनका साथ भी दिया। मुख्य अतिथि श्री बालाजी धाम के हरनाम गुरूजी के सानिध्य में जब राम व हनुमान जी के भजनों का सिलसिला शुरू हुआ, तो पूरा माहौल राममय हो उठा। रामभक्त भक्तिरस में आलिद होकर झूमने लगे। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष सीए अमित शर्मा, समन्वयक नरेश शर्मा, महावीर आजाद, भारत भूषण चुघ, रामनाटक क्लब के महामंत्री गौरव तनेजा, डायरेक्टर आशीष ग्रोवर आशू,विशाल मुड्डी पवन जिन्दल, राकेश सुखीजा, सचिन मुंजाल, जगदीश टंडन, अमित अरोरा बोबी, राजेश सिंघल, संदीप भारद्वाज, हरीश अरोरा, मोहन लाल भुड्डी, रोहित राजपूत, मोहित, प्रेम खुराना, हरीश सुखीजा, संजीव आनन्द, अनिल तनेजा, राजकुमार कक्कड, विजय विरमानी, अमित चावला, मोहित जिन्दल, सौरम राज बेहड़, गौरव राज बेहड़, आशू नागपाल, सदीप छाबडा, अभिषेक कपूर सुमित बब्बर, चिराग कालड़ा, पुलकित बांबा, आदि उपस्थित थे। लीला में नारद जी का पात्र अभिनय मनोज मुंजाल, देवराज इन्द्र वैभव भुड्डी, कामदेव मोहन अरोरा, ब्रहमा जी नितिश धीर, शंकर जी माधव आनन्द, विष्णु भगवान मनोज अरोरा, विश्वमोहिनी एवं लक्ष्मी जी हर्ष नरूला, कालादेव राम कृष्ण कन्नौजिया, पीला देव कुक्कू शर्मा, मंत्री सचिन आनन्द नें निभाया। संचालन मंच सचिव सुशील गाबा एवं संदीप धीर ने संयुक्त रूप से किया।









## पहली बार मंच पर उतरे माधव आनंद ने लूटी खूब वाहवाही

रूद्रपुर। भगवान शंकर के स्वरूप में पहली बार ऐतहासिक रामलीला मंच पर उतरे माधव आनन्द ने अपने शानदार मनमोहक अभिनय से पूरे पंडाल की शाबासी लूट ली। माधव आनन्द के जबरदस्त स्वरूप और शानदार अभिनय शैली में अनेकों बार दर्शकों को करतल ध्वनि से तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। श्री रामलीला कमेटी व रामनाटक क्लब के सभी सीनियर्स ने भी माचय की पीठ थपथपा कर हौंसला अफजाई की और उनके अभिनय की खूब सराहना की।

## सुशील गाबा की संचालन कला ने बांधा समां

रूद्रपुर। नगर की प्राचीन बस अड्डे के सामनें वाली रामलीला का उद्घाटन जय श्री राम के उद्घोषों से किया गया। पहले दिन ही रामभक्त सुशील गाबा में रामलीला में अपनी संचालन कला से समां बांध दिया। विषय पर जबरदस्त पकड़,अपने सामाजिक जीवन के कारण अधिकांश दर्शकों, मीडिया कर्मियों, कलाकारों आदि को नाम से जानने की खूबी से उन्हें सीधे मंच से जोड़े रखने सहित कभी भी दृश्यों की तैयारी के बीच लगने वाले समय के सार्थक सदुपयोग ने उनकी मंच संचालन कला को प्रमाणित कर दिया। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को शुभकामनायें देते हुए श्री रामलीला मंचन में पहुंचने की अपील की।

# राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन जन्म का हुआ मंचन

## ताड़का ने मचाया तांडव,प्रभु राम ने किया राक्षसी का अंत





रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के तीसरे दिन शुभारंभ भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, उद्योगपति यश अदलखा एवं एस पी सिटी मनोज कत्याल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। विकास शर्मा ने राम भक्तो को संबोधित करते हुए कहा कि रामलीला का मंचन हमारे जीवन में उत्तम जीवन जीने का प्रवाह पैदा करता है, हमे रामलीला के मंचन से सीखना चाहिए कि भगवान के जीवन में भी इतने कष्ट आए परंतु उन्होंने सभी कष्टों का बिना विचलित हुए सामना किया, हमे भी जीवन में राम जी के आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए, एस पी सिटी मनोज कत्याल ने सभी से नशे की लत से दूर रहने को कहा और समाज को नशे के बारे में जागरूक करने की अपील की जिससे की समाज नशा मुक्त बनाया जा सके। श्री शिव नाटक क्लब के पदाधि कारियों द्वारा सभी अतिथियों को पटका पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया,स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया ।रामलीला के मंचन में सीता जन्म, राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न जन्म,राक्षसों की खरमस्तियां,ताड़का का तांडव,ताड़का वध,सुबाहु बढ़ तक की लीला का मंचन किया गया, जिसमे जनक की भूमिका सनी घई ,दशरथ नरेश घई,कैकई अभिनव अनेजा, कौशल्या नैतिक तनेजा,सुमित्रा शिवम चावला, सुमंत विशांत भसीन,वशिष्ठ पुष्कर नागपाल,विश्वामित्र अवतार सिंह खुराना,ताड़का केशव नारंग,सुबाहु चिराग जुनेजा,मारीच वंश वर्मा,राम पावनी कक्कड़ एवं लक्ष्मण की भूमिका अविरल कक्कड़ द्वारा की गई । आज रात सीता स्वंबर,रावण वानासुर संवाद,श्री राम द्वारा धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाना ,परशुराम।लक्ष्मण संवाद तक की लीला का मंचन किया जाएगा। श्री शिव नाटक क्लब के अध्यक्ष जगदीश सुखीजा ने सभी राम भक्तों से रामलीला के अवलोकन हेतु अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का निवेदन किया है।

# हर बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य पूरा करें कार्यकर्ता: अजेय

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने सदस्यता अभियान को लेकर रुद्रपुर व किच्छा विधानसभा की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सदस्यता अभियान में तेजी लाते हुए हर बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य को पूर्ण करने को कहा। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में का शुभारम्भ दीप प्रजलित कर किया गया। समीक्षा बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने अध्यक्ष भाषण के रुप में कार्यकर्त्ताओ को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकताओं में भारी उत्साह है वही हर पदाधिकारी व पार्टी का सदस्य इस अभियान में पूरी तन्मयता से लगा है और हमको उम्मीद है उधम सिंह नगर जिला प्रदेश में शीर्ष पर रहेगा ऐसा प्रदेश नेतृत्व को विश्वास दिलाते है। समीक्षा बैठक को मुख्य रूप से लेने आये प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा सदस्यता अभियान का पहला चरण के बाद, जिसमे प्रदेश के सभी कार्यकताओं की मेहनत के परिणाम स्वरूप प्रदेश भर में भाजपा ने 15 लाख सदस्य बना लिये है और अब आगे भी इस अभियान में तेजी लाते हुए हमने प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने हैं, कार्यकताओं को जो लक्ष्य दिया था उसमे काफी लोगों ने उस लक्ष्य को हासिल किया है। ऐसे कार्यकताओं को प्रदेश महामंत्री अजेय द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में हर वर्ग के लोगों तक अपना सम्पर्क हों ऐसा प्रयास सभी का होना चाहिए। देखने में आ रहा है कि सदस्यता अभियान को लेकर लोग में भाजपा से जुड़ने के लिये उत्साह नजर आ रहा है। इसके दूसरे चरण में हमने बूथ बूथ जाकर लोगो से सम्पर्क करना है ओर अपने अपने क्षेत्र में पड़ने वाले बूथ पर 200 सदस्यों को जोड़ना है, प्रदेश महामंत्री अजेय कुमार ने कहा पार्टी का कार्यकर्त्ताओं की मेहनत के बल पर हम उत्तराखंड में रिकार्ड सदस्य बनाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कार्यकताओं में ऊर्जा भरते हुए कहा इस अभियान में तेजी लाते हुए सदस्यता अभियान 2024 को घर घर जाकर चलना है। इस दौरान जिला प्रभारी पुष्कर काला, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, गोपाल बोरा, जिला महामंत्री अमित नारंग, पूर्व मेयर रामपाल, सुरेश कोली,उपेन्द्र चौधरी, धीरेन्द्र मिश्रा, मोहन तिवारी, अनिल चौहान,तरुण दत्ता, श्रीकांत राठौर, जुल्फेकार, रश्मि रस्तोगी,फरजाना बेगम,स्वाति शर्मा,विपिन जल्होत्रा, अक्षय अरोरा, कमलेन्द्र सेमवाल, राजेश तिवारी, धर्म सिंह, सुनील ठुकराल, धीरेश गुप्ता, हरीश भट्ट, अनिल यादव, मनमोहन सक्सेना, आयुष, सुनील यादव, बिट्टू चौहान, गजेंद्र प्रजापति, राकेश सिंह, के के दास,नितिन चरण,नरेश उप्रेती, राधेश शर्मा, मुकेश पाल व अन्य लोग मौजूद रहे।







# एनएसएस के कैंप में रक्तदान शिविर आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय कैंप के अन्तर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ संस्थान के प्रबंधकीय सदस्य वंश डावर एवं शौर्य अरोरा , प्रधानाचार्य अभियन्त्रिकी ललित सिंह बिष्ट, उप-प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, प्रधानाचार्य फार्मेसी डा. विजय सिंह,एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी कार्तिक हालदार एवं ललित भट्ट, चन्दन सिंह राणा, संस्थान के मुख्य प्राशसनिक अधिकारी अनुभव बाठला एवं श्री कृष्णा हॉस्पिटल के रक्तकोष के अधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एन.एस. एस. के दोनों इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा लक्ष्यगीत के साथ किया गया। स्वयंसेवकों, कार्यक्रम अधिकारी एवं विभिन्न छात्र-छात्राओं तथा अध्यापकों द्वारा रक्तदान कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन राजेश डावर, वाइस-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, मैनेजिंग डायरेक्टर सी.ए. शिव अरोरा, निदेशिका डॉ.सीमा अरोरा प्रबंधकीय सदस्य वंश डावर, शौर्य अरोरा, प्रधानाचार्य अभियन्त्रिकी ललित सिंह बिष्ट, उप-प्रधानाचार्य मुकेश कुमार,प्रधानाचार्य फार्मेसी डा. विजय सिंह, विभागाध्यक्षा कॉलेज ऑफ पैरा मेडिकल मिली मंडल, विभागाध्यक्षा कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर अक्षिता बंगा, विभागाध्यक्ष मैकेनिकल इंजीनियरिंग ललित भट्ट ,विभागाध्यक्ष सिविल इंजीनियरिंग साहिल छाबड़ा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनुभव बाठला, पूजा बाल्मीकि,गिरीश गुरूरानी,दीपिका नेगी, कृष्ण शील, नेहा मण्डल एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्रा उपस्थित रहें।



# नदियों से हुए नुकसान का एसडीएम ने लिया जायजा

हल्द्वानी। क्षेत्र में 12 से 14 सितंबर तक हुई मूसलाधार बरसात के बाद गौला, नंधौर और सुखी नदी से भारी नुकसान हुआ। यह नुकसान न सिर्फ सिंचाई विभाग का हुआ बल्कि वन विभाग,लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग, रेल विभाग और वन विकास निगम सहित कई अन्य विभागों की संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा निजी संपत्तियों कोभी बाढ़ की वजह से नुकसान हुआ है। लिहाजा अब प्रशासन इस नुकसान की रोकथाम के दीर्घकालिक उपाय के लिए सभी विभागों की एक समन्वय समिति बनाकर दीर्घकालिक उपाय करने के काम में जुट गया है। जिसके लिए पहला निरीक्षण किया गया। जिसमें अपर जिला अधिकारी समिति के अध्यक्ष और उप जिलाधिकारी समिति में संयोजक है। जिसमें जिले के विभिन्न प्रभावित विभागों के अधिकारी भी नामित किए गए हैं। उप जिलाधिकारी परितोष वर्मा ने बताया कि सभी विभागों द्वारा आपसी समन्वय और दीर्घकालिक उपाय के लिए राय तथा सुझाव आमंत्रित किया जा रहे हैं इसके अलावा स्थानीय लोगों से भी सुझाव लिए जा रहे हैं। ताकि नदियों से होने वाले नुकसान का दीर्घकालिक उपाय किया जा सके। उप जिला अधिकारी ने कहा कि आज नौंधौर और सुखी नदी का निरीक्षण किया है आने वाले दिनों में समिति गौला नदी का भी निरीक्षण करेगी, इसके बाद बचाव के दीर्घकालिक उपाय पर तकनीकी कार्य शुरू होंगे। समिति ड्रोन सर्वे सहित अन्य तकनीकी माध्यमों से भी नुकसान के आकलन और उसके उपाय का सर्वे कर रही है।



# श्री राम जन्म की लीला का किया मंचन

गदरपुर(उद संवाददाता)।अनाज मंडी की रामलीला के द्वितीय दिन प्रभु श्री राम जी के जन्म की लीला का मंचन किया गया। राजा दशरथ की भूमिका में रहे श्री राम नाट्य कला परिषद के अध्यक्ष अशोक सुधा को सभी ने बधाई देकर अपनी खुशी का इजहार किया। इसके पश्चात राक्षसों की खरमस्तियां, राक्षसों द्वारा प्रजा को लूटा जाना एवम ऋषि विश्वामित्र के यज्ञ को भंग करने तक की लीला का मंचन किया गया। सभी कलाकारों ने बड़ा ही सुन्दर अभिनय किया और दर्शकों से वाह वाही लूटी। इस मौके पर श्री रामलीला के अध्यक्ष श्री रविन्द्र बजाज ने सभी को श्री राम जन्म की बधाई दी एवम मिष्ठान वितरण किया। इस दौरान महामंत्री अशोक धीर कोषाध्यक्ष किशन अनेजा, इंद्रजीत डाबर, विजय छाबड़ा, अजय खेड़ा, बलदेव ढींगरा, सतीश छाबड़ा, प्रवीण गगनेजा, अशोक पोपली, कशिश खुराना, अशोक सुधा सुनील कालंड़ा, युवराज कुमार सुभाष खुराना, निर्मल नारंग सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



# छात्र उत्पीड़न के खिलाफ प्राचार्य को दिया ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहीद भगत सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पछास के महासचिव महेश व अन्य कार्यकर्ता चन्दन एवं पत्रकार प्रमोद डालाकोटी से हुई मारपीट के संदर्भ में एमबीपीजी कॉलेज के प्रधानाचार्य को ज्ञापन दिया। वक्ताओं ने बताया कि शहीद भगत सिंह का देश की आजादी की लड़ाई में दिया बलिदान अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय परिसर में भगत सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर परिवर्तनकामी छात्र संगठन के महासचिव व अन्य कार्यकर्ता कार्यक्रम कर रहे थे। यही बात एबीवीपी को नागवार गुजरी। उन्होंने पोस्टर फाड़ दिया। कॉलेज में खबर के लिए आए पत्रकारों ने जब घटना की वीडियो बनायी तो उनको भी नहीं बख्शा गया। सौंपे गए ज्ञापन में पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही करने, शहीदों की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए समय-समय पर कॉलेजे प्रशासन द्वारा कार्यक्रम आयोजित करने, कॉलेज परिसर में शहीद भगत सिंह के विचारों से छात्र-छात्राओं की भावी पीढ़ी को परिचित कराने के लिए एक मूर्ति लगाने की मांग की गई। कार्यक्रम में महेश, चंदन, बिन्दू गुप्ता, रजनी, डॉ. कैलाश पाण्डेय, टीका राम पांडेय, शिवदेव सिंह, केके बोरा और उमेश तिवारी 'विश्वास', मदन पाण्डेय शामिल थे।






# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## प्रदूषण पर अंकुश

पिछले कुछ वर्षों से दिल्ली, हरियाणा और पंजाब में पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण का मुद्दा राजनीतिक रंग लेता रहा है। इस पर काबू पाने के लिए हर स्तर पर कदम उठाए जाने की बातें होती हैं, मगर हकीकत यह है कि यह समस्या इस वर्ष भी प्रदूषण के लिहाज से एक बड़ी चुनौती है। एक ओर ठंड आने के मद्देनजर प्रदूषण में बढ़ोतरी से निपटने के उपायों की घोषणाएं की जा रही हैं, दूसरी ओर पंजाब और हरियाणा में इस महीने पराली जलाने की घटनाओं में बढ़ोतरी से प्रदूषण के और जटिल होने की आशंका खड़ी हो रही है। दरअसल, इस मसले पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया है कि पंद्रह से पच्चीस सितंबर के बीच पंजाब में पराली जलाने की घटनाएं पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान दस गुना ज्यादा दर्ज की गई। वहीं हरियाणा में पिछले वर्ष के मुकाबले इसी अवधि में पांच गुना ज्यादा पराली जलाने की घटनाएं सामने आई। पिछले वर्ष सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि पराली जलाने की घटनाओं पर नियंत्रण जरूरी है। शीर्ष अदालत ने यह सुनिश्चित करने के लिए न्यायिक निगरानी पर जोर दिया था, ताकि यह समस्या फिर न हो। सवाल है कि अगर दिल्ली और आसपास के इलाकों में हर वर्ष प्रदूषण की वजह से आम जनजीवन बाधित हो जाता है और पराली को उसका एक अहम कारक बताया जाता है तो उस पर काबू पाने को लेकर सिर्फ बातें क्यों होती रही हैं! आखिर क्या वजह है कि जहां इस मसले की गंभीरता को रेखांकित करके इसे कम या खत्म करने की बात होती है, वहीं इसके उलट इसमें और ज्यादा बढ़ोतरी ही दर्ज की जा रही है? हालत यह है कि इस संबंध में अदालतों के निर्देश भी अपने अमल के इंतजार में रह जाते हैं। गौरतलब है कि सितंबर से शुरू होकर आमतौर पर नवंबर तक पराली जलाने की घटनाएं सामने आती हैं। इसी के आसपास दिल्ली में प्रदूषण भी गहराने लगता है। अगर समय रहते इस मसले की गंभीरता को नहीं समझा गया तो इससे दिल्ली सहित आसपास के राज्यों में भी जन-स्वास्थ्य संबंधी बड़ी चुनौती खड़ी हो सकती है।

# विकास कार्यों सहित क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण और मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया जाए : सीएम

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रदेश में आपदा से क्षतिग्रस्त हुए सड़क मार्गों व पेयजल लाइनों को अभियान के तहत पुन: सुचारू करने, डेंगू की रोकथाम और चारधाम यात्रा समेत विभिन्न विषयों पर विस्तृत दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बारिश का मौसम लगभग समाप्त हो गया है। अत: सड़कों के निर्माण और मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया जाए। मानसून के दौरान आपदा में जो भी पेयजल और बिजली की लाइन सहित संपर्क मार्ग क्षति ग्रस्त हुए हैं, उन्हें प्राथमिकता से ठीक किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसून के दौरान सभी विभागों के सामने विभिन्न चुनौतियां थी, लेकिन अब इस अभियान में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आपदा से जहां भी नुकसान हुआ है, उसके पुनर्निर्माण हेतु




समयबद्ध कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा को लेकर समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून के बाद दीपावली तक पुन: चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेगी। ऐसे में किसी प्रकार की अव्यवस्था ना हो, इसके लिए सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा अच्छी चल रही है, यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका ध्यान रखा जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में डेंगू की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए कहा कि डेंगू के बढ़ते मामले चिंताजनक हैं। इस पर रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग सहित सभी विभाग मिलकर कार्य कर प्रभावी नियंत्रण करें। उन्होंने नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव डॉ. आर.के.सुधांशु, सचिव श्री शैलेश बगौली, गढ़वाल आयुक्त एवं सचिव विनय शंकर पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम ने रामपुर तिराहा कांड की बरसी पर राज्य आंदोलनकारियों को किया नमन

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड राज्य निर्माण के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों का भावपूर्ण स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरनगर कांड (रामपुर तिराहा) की बरसी पर जारी संदेश में कहा कि राज्य आंदोलन के अमर शहीदों के बलिदान को सदैव याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के बलिदान और संघर्ष के परिणामस्वरूप ही उत्तराखण्ड अलग राज्य बना। सीएम ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप राज्य विकास के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इस दशक को उत्तराखण्ड का दशक बनाने के लिए राज्य सरकार हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है। उत्तराखण्ड राज्य को देश का आदर्श राज्य बनाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना है, जिससे कि राज्य आंदोलन के शहीदों के सपनों के अनुरूप प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया जा सके।

# डीएम ने बिलौना सेरा में की धान की क्रॉप कटिंग

## किसानों की खुशहाली के लिए दिलाया जाएगा हर संभव सहयोग: भटगांई

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी आशीष भटगांई लगातार एक सेवक के रुप में लगातार जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। जिले के मुखिया के तौर पर प्रत्येक क्षेत्र की समस्याओं को सुनकर उन समस्याओं का निराकरण भी कर रहे हैं। वहीं किसान देश की शान, किसान खुशहाल तो जिला और प्रदेश खुशहाल की थीम पर जिले में उत्पादित होने वाली फसलों दलहनी दालों, साहित कृषि, उद्यान वनीकरण के क्षेत्र में जिले को राज्य का प्रमुख पैदावार वाला जिला बनाने को लेकर डीएम ने अब एक नई स्कीम बनाने का मन बनाया है, वही काश्तकारों को कृषि उत्पादन में अग्रणी बनाने के लिए प्रगतिशील किसानों को प्रोत्साहित कर सभी किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभागीय



अधिकारियों और प्रशासनिक स्तर पर हर संभव सहयोग का भरोसा दिया।और जल्द अधिकारियो द्वारा बंजर सूखे खेतों को हरियाली से परिपूर्ण करने के लिए विशेष प्रयास करने के लिए सिंचित असिंचित और बंजर भूमि का मूल्यांकन करने के लिए अधिकारियों को टास्क भी दिया जा सकता है, वही किसानों को जंगली सुअरो सहित मौसम की मार से होने वाले नुकसान के लिए भी जल्द किसानों को मुवाजा देने के लिए पहल की जाएगी। डीएम भटगाई ने मंगलवार सुबह बिलोनासेरा पहुंचकर धान की फसल पर किए जा रहे क्रॉप कटिंग प्रयोग का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया और स्वंय भी परम्परागत फसल धान की क्रॉप कटिंग की।इस दौरान काश्तकार उत्तम सिंह टाकुली के खेत में 6॰5 वर्ग मीटर के हिस्से में क्रॉप कटिंग की गई। जिसमें 6 किलो 650 ग्राम धान की उपज प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों के खेत में निर्धारित वर्ग मीटर में क्रॉप कटिंग की गई। फसल की क्रॉप कटिंग प्रयोगों के आधार पर ही जिले में इस साल के लिए फसलों के औसत उपज और उत्पादन के आंकड़े तैयार किए जाते है। जिलाधिकारी ने इस दौरान किसानों से भी वार्ता की और कृषि एवं अन्य आवश्यक संसाधनों से संबंधित समस्याओं एवं चुनौतियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। क्रॉप कटिंग के दौरान एसडीएम मोनिका तहसीलदार दलीप सिंह,अपर संख्याधिकारी विनोद सिंह किसवाण सहित स्थानीय काश्तकार व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्यपाल और सीएम ने गांधी और शास्त्री जयंती पर दी शुभकामनाएं

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। पूर्व संध्या में जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य व अहिंसा के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचारों ने भारत वर्ष ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व को मार्ग दिखाया है। गांधी जी द्वारा विभिन्न आंदोलनों का नेतृत्व करते हुए हमारे लिए स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त किया। राज्यपाल ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए कहा कि शास्त्री जी की सादगी, सरलता, देशभक्ति तथा ईमानदारी से भरा जीवन-आचरण, हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उनके 'जय जवान-जय किसान' के उद्घोष ने पूरे देश में ऊर्जा व उत्साह का संचार किया था। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी जी का जीवन और दर्शन हमें सत्य, अहिंसा और शांति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि शास्त्री जी ने 'जय जवान जय किसान' का नारा देकर देश को एकजुटता और स्वाभिमान के साथ खड़े होने का मार्ग दिखाया। उनकी सादगी, सत्यनिष्ठा और नैतिकता के प्रति उनकी अद्भुत निष्ठा आज भी हमें प्रेरित करती है।

# एस एस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाई गांधी एवं शास्त्री जयंती

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के एस एस पब्लिक स्कूल में गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती धूम धाम से मनाई गई। विद्यालय के चेयरमैन डी पी सिंह ने विद्यालय परिवार को राष्ट्रीय पर्व की सबको बधाई दी और महान विभूतियों के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हुए सबके उज्जवल भविष्य के लिए



शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य परविंदर सिंह ने ध्वजारोहण करके महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्वलित किया और गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती के महत्त्व को बताया। साथ ही शहीदों की कुर्बानियों पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया और उपस्थित सभी जन को बधाई दी। इस अवसर पर सुरेन्द्र प्रसाद,उमेश कुमार, राजकुमार,अभिषेक गुप्ता,संदीप चौहान,नितिन पराशर, जगदीश चंद्र,किशन चंद्र, रोहताश,रेखा,तारा देवी सहित बच्चे उपस्थित रहे।

# आयुक्त रावत ने जयंती पर गांधी व शास्त्री को किया नमन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सत्य-अहिंसा के पुजारी जननायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और महान स्वतंत्रता सेनानी पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कुमाऊं आयोग दीपक रावत ने श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी विचारधारा का अनुस्मरण किया। कुमाऊं आयुक्त ने कहा राष्ट्र निर्माण में व देश को परतंत्रता से मुक्त करने में इन्होंने विशेष भूमिका निभाई है। इस अवसर पर हम देश के सभी वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को तन्मयता से नमन करते हैं और राष्ट्र की प्रगति और उन्नति की कामना करते हैं।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया रामलीला मंचन का शुभारम्भ

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर की प्रसिद्ध श्री शिव पार्वती रामलीला का शुभारंभ मंगलवार को विधि विधान से साथ हुआ। रामलीला मंचन से पूर्व पंडित राजन शर्मा ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना एवं मंगल कामना की। तदुपरांत मंच पर गणेश जी की आरती के उपरांत रामलीला मंचन का शुभारंभ किया गया। रामलीला मंच पर भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने फीता काटकर रामलीला मंचन कार्यक्रम का शुभारंभ करवाया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुखीजा ने कहा भगवान श्री राम ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का संदेश दिया, उनके आदर्शों पर चलकर ही हम एक मर्यादित



समाज का निर्माण कर सकते हैं उन्होंने कहा कि आज के समाज को भगवान श्री राम के आदर्श को आत्मसात करने की आवश्यकता है, जिससे एक अच्छे समाज की संरचना हो सकेगी। इसके बाद शिव नाट्य मंच के कलाकारों द्वारा मंचन आरंभ किया जिसे देखकर कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों ने तालियां कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। प्रथम दिन माता सीता के जन्म की लीला का मंचन किया गया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रमन छाबड़ा, महामंत्री संतलाल हुड़िया, कोषाध्यक्ष राजकुमार गुंबर, सुभाष गुंबर, सुरेश खुराना,शिवा शर्मा, प्रेम सचदेवा,दीपक बेहड़, सोमनाथ छाबड़ा, विकास तनेजा,संजीव नागपाल,मुकेश पाल,अश्विनी कुमार,आकाश कोचर मीनाक्षी देवी, रवि श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण मौजूद रहे।

# कांग्रेस की तरफ बढ़ रहा है महिलाओं का रूझान: मीना

रूद्रपुर(उद संवाददाता)उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने महिला कांग्रेस सदस्यता अभियान के अंतर्गत शहरीय और ग्रामीण क्षेत्र में दर्जनों महिलाओं को महिला कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई, और डिजिटल सदस्यता अभियान के अंतर्गत उन्हें अखिल भारतीय महिला कांग्रेस से जोड़ा। अभियान के तहत श्रीमती शर्मा रुद्रपुर नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती नसरीन कुरेशी के खेड़ा स्थित आवास पर पहुंची, जहां उन्होंने श्रीमती कुरैशी को शाल ओढ़ाकर और माला पहनाकर उनका स्वागत किया और डिजिटल सदस्यता अभियान के तहत उन्हें महिला कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। बाद में श्रीमती शर्मा ग्राम भगवानपुर



पहुंची, जहां उन्होंने बीडीसी राखी जोशी को शॉल ओढ़ाकर और फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया, और उन्हें अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई। यहां मौजूद कई महिलाओं को भी श्रीमती शर्मा ने डिजिटल सदस्यता अभियान के तहत उन्हें सदस्यता ग्रहण कराई। इसी क्रम में श्रीमती शर्मा आदर्श कॉलोनी स्थित महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुभद्रा बठला के आवास पर पहुंची जहां उन्होंने श्रीमती बठला को शॉल ओढ़ाकर और फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया, और बाद में उन्हें अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की डिजिटल सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने कहा कि देशभर में महिलाओं का रुझान कांग्रेस की तरफ बढ़ रहा है, और अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा एवं प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के निर्देशानुसार चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में बड़ी संख्या में महिलाएं महिला कांग्रेस से जुड़ रही हैं।

# राईस मिलर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधि मण्डल खाद्य मंत्री से मिला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राईस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने देहरादून में खाद्य मंत्री रेखा आर्या से मुलाकात कर समस्याओं को लेकर वार्ता की और उन्हें ज्ञापन सौपा। इस दौरान राईस मिलर्स ने बताया कि वर्ष 2023-24 की मिलर्स की समस्याओं सम्बन्ध में जिलाधिकरी एवं समस्त जिला प्रशासन के कहने एवं आश्वासन देने के उपरान्त एवं किसान भाईयों के हितों का ध्यान रखते हुए उत्तराखण्ड राईस मिलर्स एशोसियसन ने समस्त राईस मिलर्स से इस सम्बन्ध में वार्ता कर वर्ष 2024-25 में कच्चा आढ़तिया एवं समस्त सरकारी क्रय केन्द्रों का धान लेकर कुटाई करने का कार्य करने के लिए मिलर्स को अवगत करा दिया गया है। राईस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष मिलर्स के सामने यह समस्याये आती है



परन्तु शासन प्रशासन द्वारा कहा जाता है कि मिलर्स समय से अपनी समस्याओं से अवगत नही कराते हैं जबकि माह मार्च 2024 से अपनी समस्यायें शासन प्रशासन के पटल पर रखनी प्रारम्भ कर दी थी। प्रतिनिधि मण्डल ने कहा कि मिलर्स एसोसियशन द्वारा अपनी उक्त समस्याओं से पहले ही शासन प्रशासन को अवगत करा दिया गया है कि यदि आगामी धान खरीद वर्ष 2025-26 प्रारम्भ होने से पूर्व समस्याओं का निराकरण नही किया गया तो उत्तराखण्ड राईस मिलर्स धान खरीद कार्य में अपनी भागीदारी निभाने में अस्मर्थ रहेंगे। प्रतिनिधि मण्डल ने इस वर्ष धान खरीद वर्ष 2024-25 में राईस मिलर्स के पंजीकरण कराने सम्बन्धी जो तिथि दिनांक 30सितम्बर 2024 को निश्चित की गई थी उस तिथि को आगे बढ़ाये जाने की मांग की। इस दौरान उत्तराखण्ड राईस मिलर्स एशोसियसन के प्रदेश अध्यक्ष नरेश कंसल, उपाध्यक्ष रमेश गर्ग, महामंत्री श्याम अग्रवाल, मंत्री उमेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पंकज बांगा, संजय गोयल सौरभ सिंघल, संजय खेड़ा, आदि उपस्थित रहें।

# गोल्डन पब्लिक इंटर कॉलेज में चलाया जागरूकता अभियान

सितारगंज (उद संवाददाता)।जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर गोल्डन पब्लिक इंटर कॉलेज सिसौना में जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें छात्र - छात्राओं को बाल अधिकार , पोक्सो अधिनियम, बाल श्रम, बाल विवाह, गुड-टच, बेड - टच एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी दी



गयी तथा स्वयं को सुरक्षित रखने के उपाय बताए गये। सभी बच्चों को स्पॉन्सर्शिप योजना के संदर्भ में भी जानकारी दी गई। पुलिस विभाग द्वारा 112 की विस्तार पूर्वक जानकारी तथा साइबर क्राइम तथा नशा मुक्ति के संबंध में जानकारी दी गई ।इस अभियान में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती दया जोशी एवं समस्त शिक्षक वर्ग , चाइल्ड लाइन समन्वयक श्रीमती चाँदनी रावत, काउंसलर श्री सुनील , पुलिस विभाग से ज्योति शर्मा उपस्थित रहे । इस अभियान में 200 छात्र - छात्राएं उपस्थिति रहे।

# ब्रिलियंट एकेडमी में गांधी व शास्त्री जयंती पर प्रतियोगिताएं आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आजादनगर ट्रांजिट कैम्प स्थित ब्रिलियंट एकेडमी में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी



की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक परिमल राय तथा प्रधानाचार्या श्रीमती बुलबुल राय सहित समस्त स्टॉफ ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का प्रण लिया। अपने सम्बोधन में प्रबंधक परिमल राय ने कहा कि आज महात्मा गांधी जी की 155 वी जयन्ती ही। उनका जन्म 02 अक्टूबर सन् 1869 को हुआ था। वहीं पंडित लाल बहादुर शास्त्री जी की 120 वी जयन्ती है। उनका जन्म 02 अक्टूबर सन् 1904 में हुआ था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी हमेशा सत्य और अहिंसा के पुजारी रहे। उन्होंने देश की आजादी के आंदोलन में सदेव अहिंसा का रास्ता ही अपनाया। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने देश की आजादी में अविस्मरणीय सहयोग करते हुए देशवासियों को जय जवान जय किसान का नारा देकर उनमें देश के प्रति उत्साह पैदा किया। अपने सम्बोधन में प्रधानाचार्या श्रीमती बुलबुल राय ने कहा कि देश के महापुरुषों को कभी भी नहीं भुलाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा भाषण प्रतियोगिता, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जीवनी लेखन, महात्मा गांधी एवं प. लाल बहादुर शास्त्री जी का चित्र बनाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें शशिकांत, देवकी, संध्या, बबिता, संकल्प, मोहन, विमल, अनुराग, जतिन पाल, रित्तिक, अनुज वर्मा, सजल, नितिन, लक्की आदि ने प्रतिभाग किया। इस दौरान दुर्जन लाल कश्यप, प्रियंका, मीना, गोपाल कृष्ण, रुपा राठौर, अमृता, गयित्री श्रीवास्तव, दिया, सुमित्रा, सुमन देवी, प्रतीक्षा गंगवार, अनुपमा सिंह, सलोनी शर्मा, रोहित, कविता, अशोक, नीरज, पिंकी, सुव्रत्त, क्रान्ति, शन्ति आर्या, सीमा सिंह, हेमा , सलोनी, आरती, नीलम, सोनी, सरिता, राधा गुप्ता, पूजा आदि मौजूद रहे। वहीं ट्रांजिट कैम्प राजा कालोनी में स्थित नकुल विद्या एकेडमी जूनियर हाई स्कूल में महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती हर्षपूर्वक मनाई गई। इस मौके पर प्रबंधक किरन सरदार सहित सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों ने दोनों महापुरूषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताये मार्ग पर चलने की प्रतिज्ञा ली।

# ठुकराल आज रात करेंगे रामलीला मंचन का शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा रोड स्थित रामलीला ग्राउण्ड में श्री राम हनुमान देवी जागरण मण्डल की ओर से आयोजित श्री रामलीला मंचन का उदघाटन आज रात पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल करेंगे। जानकारी देते हुए आयोजकों ने बताया कि आज रात नौ बजे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल रामलीला मंचन का शुभारम्भ करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी स. जसविंदर सिंह खरबंदा द्वारा की जायेगी। विशिष्ठ अतिथि के रूप में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिवाकर पाण्डे,, समाजसेवी डीपी यादव एवं संजय ठुकराल मौजूद रहेंगे। रामलीला का मंचन वृंदावन मथुरा की प्रसिद्ध श्री गिरीराज आदर्श बाल कृष्ण रास लीला एवं रामलीला संस्थान के कलाकारों द्वारा किया जायेगा। रामलीला दो अक्टूबर से शुरू होकर 12 अक्टूबर तक चलेगी।

# नशेड़ी पति से बताया जान का खतरा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक महिला ने अपने पति पर नशे का आदी होने और उसकी कम्पनी में फोन कर परेशान करने का आरोप लगाते हुए रपट दर्ज कराई है। दर्ज रपट में पीडिता ने कहा है कि उसका विवाह 10 दिसंबर 2015 को पीलीकोठी हल्द्वानी निवासी विनोद जोशी से हुआ जो अब विच्छेदित हो चुका है और जिसकी डिक्री कोर्ट द्वारा मिल चुकी है। उसका आरोप है विनोद जोशी स्मैक का आदि है और स्मैक बेचता भी है तथा उसे परेशान कर रहा है जिससे वह अपना काम नहीं कर पा रही है । विनोद ने उसकी कंपनी के लैंड लाइन पर फोन कर के परेशान कर रहा है।उसकी हरकत से नौकरी खतरे में पड़ सकती है ।विनोद की नशे की आदत के कारण उसे जान का भी खतरा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पीसीएस टॉपर आशीष ने चयनित खिलाड़ियों को किया सम्मानित



सितारगंज( उद संवाददाता)।राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में जीआईसी के तीन खिलाड़ियों का नेशनल के लिए चयन हुआ हैं। जिन्हें पीसीएस टॉपर आशीष जोशी, ओलंपिक एसोशियन के अनिलदीप सिंह महल, एनसीसी लेफ्टिनेंट रेहान सिद्दीकी ने सम्मानित किया। पीसीएस टॉपर आशीष जोशी ने विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर स्टडी कर लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा दी। आशीष जोशी ने कहा कि हमेशा गलतियों से सीखना चाहिए। उन्होंने एनसीसी के कैडेट को फोकस बढ़ा रख एनडीए की परीक्षा के लिए तैयारी करने की सलाह दी। एनसीसी लेफ्टिनेंट रेहान सिद्दीकी ने बताया कि एनसीसी के विद्यार्थियों ने राज्य ओलंपिक प्रतियोगिता में वालंटियर की भूमिका निभाई थी। इसके साथ ही जीआईसी के तीन खिलाड़ी वरुण कुमार, शिवम निषाद, कारण बहादुर का नेशनल तैराकी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। इसके उपलक्ष्य में जीआईसी सभागार में सम्मान समारोह रखा गया था। इस दौरान समाजसेवी महेश मित्तल ने विचार रखे। इस मौके पर प्रधानाचार्य रावेंद्र पाठक आदि मौजूद रहे।

# विजेता खिलाड़ियों ने खूंखार जलीय जीवों के बीच डैम में लिया प्रशिक्षण

सितारगंज। राष्ट्रीय स्तर पर तैराकी प्रतियोगिता के लिए चयनित जीआईसी के तीन खिलाड़ियों को खूंखार जलीय जीवों के बीच जलाशयों में गोता लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त करना पड़ा। राजकीय इंटर कॉलेज परिसर के मैदान में स्विमिंग पूल नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को मजबूरन बैगुल, नानकसागर जलाशय में प्रशिक्षण प्राप्त करना पड़ा। विजेता खिलाड़ियों ने बताया कि नगर में जो स्विमिंग पूल है प्रशिक्षण के दौरान उनसे किराया मांगा जाता था। जिस वजह से उन्हें दूरस्थ जलाशयों में जाकर खूंखार जलीय जीव जंतुओं के बीच जाकर तैराकी का प्रशिक्षण लेना पड़ा। इसके बाद उन्होंने राज्य ओलंपिक प्रतियोगिता में मेडल जीते हैं।

## पेज एक का शेष...

**स्वच्छ भारत की यात्रा..**का हिस्सा बनाया है। आज देशभर में स्वच्छता से जुड़े कार्यक्रम हो रहे हैं। लोग अपने गांवों की, शहरों की, मोहल्लों की, चाल की, फ्लैट की और सोसायटी की स्वयं बड़े आग्रह से सफाई कर रहे हैं। बीते पखवाड़े में देश भर में करोड़ों लोगों ने 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रमों में हिस्सा लिया है। मुझे जानकारी दी गई है कि 'सेवा पखवाड़ा' के 15 दिनों में देशभर में 27 लाख से ज्यादा कार्यक्रम हुए। जिनमें 28 करोड़ से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। निरंतर प्रयास करके ही हम अपने भारत को स्वच्छ बना सकते हैं। मैं प्रत्येक भारतीय का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि आज के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर आज स्वच्छता से जुड़े करीब 10 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स की भी शुरुआत हुई है। मिशन अमृत के तहत देश के अनेक शहरों में वॉटर और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाएंगे। नमामि गंगे से जुड़ा काम हो या फिर कचरे से बायोगैस पैदा करने वाले गोबरधन प्लांट, ये काम स्वच्छ भारत मिशन को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन जितना सफल होगा, उतना ही हमारा देश ज्यादा चमकेगा। पीएम मोदी ने कहा कि स्वच्छता की प्रतिष्ठा बढ़ने से देश में एक बहुत बड़ा मनोवैज्ञानिक परिवर्तन भी हुआ है। पहले साफ-सफाई के काम से जुड़े लोगों को किस नजर से देखा जाता था, हम सब जानते हैं। स्वच्छ भारत मिशन ने, इस सोच को भी बदल दिया। विकसित भारत की यात्रा में हमारा हर प्रयास 'स्वच्छता से संपन्नता' के मंत्र को मजबूत करेगा

**होटल के कमरे...**कॉल की, लेकिन उसने नहीं उठाई। फिर उसने वीडियो कॉल कर रवि शंकर से बात की। इसके अलावा रवि शंकर ने रात को ही बड़ी बहन को फोन किया। सुबह होटल के कमरे का दरवाजा नहीं खोलने पर सिडकुल पुलिस को मामले की सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे सिडकुल चौकी इंचार्ज दीपक कौशिक ने पुलिसकर्मियों की मदद से दरवाजा खुलवाया। कमरे के भीतर रवि शंकर का बेड पर शव बरामद हुआ। सूचना पर सीओ बीएस चौहान, कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने मामले की जानकारी ली। सिडकुल चौकी इंचार्ज दीपक कौशिक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

**जयंती पर गांधी और शास्त्री..**रामन, विधि परामर्शी अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, उप सचिव जी. डी. नौटियाल, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय व राजभवन के अन्य अधिकारीगण एवं कार्मिक उपस्थित रहे। वहीं मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने भी सचिवालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया द्य इस अवसर पर भारतखंडे संगीत महाविद्यालय द्वारा गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो.. गायन किया गया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि प्रतिवर्ष आज के दिन हम दो महान नेताओं गांधी जी एवं शास्त्री जी को याद करते हैं द्य राष्ट्रपिता के प्रिय भजन वैष्णव जन में एक सम्पूर्ण दर्शन समाहित है, जिससे हमें जीवन के बहुत से मानवीय मूल्यों को बनाए रखने की प्रेरणा मिलती है। महात्मा गांधी के विचार और सिद्धांत आज भी हमारे लिए प्रासंगिक हैं। हमें उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए, ताकि हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकें। हमें सत्य, अहिंसा और प्रेम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा लेनी चाहिए। महात्मा गांधी का जीवन हमें सिखाता है कि सच्चाई और मानवता की सेवा सबसे महत्वपूर्ण है।

**रामपुर तिराहा..**शहीदों एवं बलात्कार पीड़ितों को अभी तक न्याय नहीं मिला है। अवतार सिंह बिष्ट ने कहा कि 2 अक्टूबर 1994 के दिन पृथक राज्य की मांग के लिए प्रदर्शनकारी शांतिपूर्ण दिल्ली जा रहे थे। जब प्रदर्शनकारीयो की गाड़िया मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहे में पहुंची तो तिराहे पर गाड़ियों को रुकवा दिया गया और पुलिस द्वारा तलाशी शुरू हो गयी साथ ही प्रदर्शनकारियो का उत्पीड़न किया गया।पुलिस पीएसी द्वारा कई प्रदर्शनकारी महिलाओ का बलात्कार किया। जब प्रदर्शनकारियों द्वारा विरोध किया गया तो पुलिस ने बड़ी बेरहमी से प्रदर्शनकारियो पर गोलियां बरसा दी। दो अक्टूबर को हुई इस घटना को पुलिस की सबसे क्रूर घटना माना जाता है। विरोध दर्ज करने के उपरांत आंदोलनकारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भी प्रेषित किया। जिसमें कई मांगें उठाई गयी। धरना देने वालों में अनिल जोशी, कांति भागुनी, पीसी शर्मा, एसके नैयर,हरीश पाठक,जानकी जोशी, देवकी बिष्ट , चंद्रा पंत,मनोहर चंद लोहानी, हरिश्चंद्र जोशी,रेखा जोशी,संजीव जोशी, सुभाष मिश्रा, नरेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

**इस बार दस दिन के ..**वहीं, अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 46 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 33 मिनट तक है।शारदीय नवरात्र पर घट स्थापना के समय इस बार पूरे दिन हस्त नक्षत्र में शुभ संयोग रहेगा। पंचांग के अनुसार घट स्थापना का सर्वश्रेष्ठ समय 3 अक्टूबर को प्रात: 6 बजाकर 24 मिनट से 8:45 मिनट तक तथा अभिजीत मुहूर्त दिन में 11:52 बजे से 12:39 मिनट तक है। इसी प्रकार चौघडिया का शुभ मुहूर्त प्रात: 6:24 बजे से 7:52 मिनट तक तथा चर,लाभ व अमृत के चौघडिए का शुभ मुहूर्त दिन में 10:48 बजे से दोपहर 3:12 मिनट तक रहेगा। अबकी बार शारदीय नवरात्रि पर अश्विन शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि 10 अक्तूबर 2024 को दोपहर 12.31 से शुरू होगी और 11 अक्तूबर 2024 को दोपहर 12.06 पर समाप्त होगी। इसके बाद नवमी तिथि लग जाएगी।

**ट्रेन की चपेट...**उन्होंने बताया कि मृतक सूचना मिलने पर वह प्रात: मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की। मृतक बिशन सिंह डंपर वाहन चलाता था, उसकी छह बेटियां हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

**रोडवेज की टक्कर से..** घटना की सूचना मिलते ही वन अधिकारी और डॉक्टरों की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। हथिनी के एक पैर में गम्भीर चोटें आई है। घायल हथिनी को सड़क से किनारे कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर उसका उपचार किया जा रहा है। उपचार स्थल पर फिलहाल किसी को भी जाने की अनुमति नहीं दी गई है आस पास वन विभाग के कर्मचारी तैनात है। यह पूरा मामला तराई केंद्रीय वन विभाग का है। डीएफओ यूसी तिवारी ने बताया कि हथिनी को हरियाणा रोडवेज की बस से टक्कर लगी है। जिसके बाद हथिनी गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जा रहा है कि हथिनी गर्भवती है, हालांकि वन विभाग के अधिकारियों ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। डीएफओ यूसी तिवारी ने बताया कि ऐसे हादसों को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# कोलम्बस स्कूल में शिक्षकों के लिए कार्यशाला आयोजित







रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मॉडल कॉलोनी स्थित शहर के प्रतिष्ठित कोलम्बस पब्लिक स्कूल में सी0बी0एस0ई0 क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून के सौजन्य से शिक्षकों के लिए 'लाइफ स्किल्स' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता पधारी हिम ज्योति स्कूल, देहरादून की प्रधानाचार्या श्रीमती रूमा मल्होत्रा एवं माउंट लिट्रा जी स्कूल, रूड़की के प्रधानाचार्य राजेश देवरानी का विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा ने दुशाला ओढ़ाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर औपचारिक स्वागत किया। तत्पश्चात् दीप प्रज्ज्वलन के साथ विद्यालय के शिक्षकगणों द्वारा स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति देकर कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। कोलम्बस पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने बताया कि इस कार्यशाला में कोलम्बस पब्लिक स्कूल रूद्रपुर व सेंट पीटर सीनियर सेकेण्डरी किच्छा, तथा जी0आर0डी0 इंटरनेशनल स्कूल, रूद्रपुर के कुल मिलाकर 60 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यशाला के दौरान मुख्य वक्ता श्रीमती रूमा मल्होत्रा ने जीवन कौशल (लाइफ स्किलस) आधारित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के समग्र विकास और भविष्य की तैयारियों को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यशाला में जीवन कौशल से सम्बन्धित कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान करने के साथ-साथ विभिन्न क्रियाकलापों द्वारा मौखिक संचार, नेतृत्व कौशल, निर्णय क्षमता और तनाव प्रबंधन जैसे कौशलों के विभिन्न गुर भी सिखाए। साथ ही विभिन्न माध्यमों से छात्रों को न केवल शैक्षणिक दृष्टि से, बल्कि जीवन के हर पहलू में सक्षम बनाने के लिए महत्वपूर्ण बताया। राजेश देवरानी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी जीवन कौशलों को मुख्य शिक्षा पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने पर जोर दिया गया है। जिसके तहत छात्रों को अनुकूलनशीलता, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच जैसे कौशलों से लैस किया जाना आवश्यक है, ताकि वे तेजी से बदलती दुनिया में सफल हो सकें। तथा उनके सामाजिक, भावनात्मक और मानसिक कौशल को विकसित करने में अहम भूमिका निभाई जा सके। कार्यशाला के दौरान विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के क्षमता संवर्धन कार्यशालाओं का उद्देश्य शिक्षकों को सशक्त बनाना है ताकि वे छत्रगणों में कौशल विकसित कर उनका भविष्य निखार सकें। साथ ही उन्होंने कार्यशाला को सफल बनाने के लिए मुख्य वक्ता श्रीमती रूमा मल्होत्रा, राजेश देवरानी जी व उपस्थित सभी प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। अन्त में विद्यालय की उपप्रधानाचार्या डॉ0 कामेश मित्तल ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रेषित कर कार्यशाला का समापन किया।

# गांधी जयंती पर चलाया विशेष सफाई अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय नैनीताल के आदेश और उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा कैंपेन के तहत गांधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह के अध्यक्ष/ जिला जज सिकंद कुमार त्यागी के नेतृत्व में 3 टीमें बनाकर रूद्रपुर अटारिया मंदिर रोड,जिला चिकित्सालय व सिडकुल में न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों, पैनल अधिवक्ता,जिला बार व पी एल वी द्वारा नगर निगम के सहयोग से बृहद सफाई अभियान चलाया गया व पोधारोपण रोपण भी किया गया।जिसमे जिला जज सिकन्द कुमार त्यागी, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश




आशुतोष कुमार मिश्रा, अपर सत्र न्यायाधीश मुकेश आर्य, अपर सत्र न्यायाधीश संगीता आर्य, सी जे एम अनिता गुंजियाल, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हेमन्त सिंह राणा, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिवाकर पाण्डे, सचिव सर्वेश कुमार सिंह, सिविल जज सीनियर डिवीजन नदीम अहमद, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम विवेक राणा, सिविल जज रिजवान अंसारी,एवम अन्य न्यायिक अधिकारीगण के साथ एडवोकेट शिव कुंवर सिंह,मो. मिराज व न्यायिक कर्मचारीयो, पैनल अधिवक्तागण व पी एल वी तथा नगर निगम के कर्मचारियों ने भी प्रतिभाग किया।

# मकान बनाने का ठेका लेकर हड़प लिए 55 हजार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मकान बनाने का ठेका लेकर एक ठेकेदार ने व्यक्ति से 55 हजार एडवांस लेकर न तो मकान बनाया और न ही उसके पैसे वापस किये। आरोप है कि रूपये वापस मांगने पर ठेकेदार घर में घुस आया और परिजनों को गोली मारने की धमकी देने लगा। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में सतवन्त सिंह पुत्र स्व. मोहन सिंह निवासी ग्राम मलसी पोस्ट बिगवाडा ने कहा है कि उसने अपने मकान का निर्माण कराने हेतु राज मिस्त्री रशीद अहमद पुत्र भटपुरिया निवासी ग्राम मलसी को पचपन हजार रूपये 18 जनवरी 2024 को दिया था। रशीद अहमद नें रकम प्राप्त करने के बादे विश्वास दिलाया कि दो से तीन दिनों के अन्दर अन्दर निर्माण का कार्य शुरू कर देगा। लेकिन उसके द्वारा निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया। जब उसने रशीद अहमद से अपनी दी गई रकम की मांग की तो उसने कहा बहुत ही जल्द वह रुपए वापस कर देगा। तवंत का आरोप है कि 20 अगस्त को दोपहर रशीद अपने दो अन्य साथियों के साथ उसके घर के अन्दर जबरन घुस आया और घर पर उसे एवं उसके परिजनों सेअभद्र व्यवहार करते हुए गाली गलौज करने लगा तथा धमकी देने लगा कि तुम लोगो ने अपने पैसे मांगें तो गोली मारकर जान से मार दूंगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लिटिल किंगडम के बच्चों ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। डीडी चौक स्थित लिटिल किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल में गांधी जयंती व लाल बहादुर छात्राओं के द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। साथ ही साथ प्लेग्रुप से पांचवी कक्षा तक के बच्चो की स्वच्छता परविंदर पुरी ने बच्चों की प्रशंसा की और कहा कि महात्मा गांधी ने जिस तरह से स्वच्छता पर जोर दिया था, हम सब गांधी की जयंती मानते हैं जिनके अहिंसा, सत्य और आत्म- अनुशासन के सिद्धांत हमें न्याय की खोज में प्रेरित अपितु नागरिकों की सहभागिता से अधिक से अधिक पेड़ लगाना ,कचरा मुक्त वातावरण बनाना व एक स्वच्छ भारत देश के भाग्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और स्वच्छता के विषय में जानकारी दी। इस आयोजन में स्कूल








शास्त्री जयंती पर महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया व विद्यालय के कक्षा 2 से लेकर कक्षा 5 तक के छात्र-पर नाटक,नृत्य ,कविता, भाषण, गांधी बनो प्रतियोगिता हुई जिसमें छात्र-छात्राओं की स्वच्छता के प्रति लगन देखकर विद्यालय की वरिष्ठ प्रशासिका श्रीमती मिलकर एक स्वच्छ समाज की खोज में अपनी यात्रा जारी रखें। प्रधानाचार्या श्रीमती चरणजीत कौर ने कहा कि इस अवसर पर हम अपने राष्ट्रपिता महात्मा करते रहते हैं। उपप्रधानाचार्या सिमरन पुरी ने कहा कि गांधी जयंती पर स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना नहीं है का निर्माण करना है। साथ ही कोऑर्डिनेटर लक्ष्य शर्मा ने कहा 2 अक्टूबर का दिन भारतीयों के दिलों में एक खास जगह रखता है क्योंकि इन्होंने की वरिष्ठ प्रशासिका श्रीमती परविंदर पुरी, प्रधानाचार्या श्रीमती चरणजीत कौर, उपप्रधानाचार्या सिमरन पुरी, विद्यालय संचालक लक्ष्य शर्मा जी मौजूद रहे।

# स्वराज आश्रम में मनाई गांधी व शास्त्री जयंती

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महानगर कांग्रेस द्वारा स्वराज आश्रम में गांधी एवं शास्त्री जयंती हर्षोल्लास संग मनायी गयी।कार्यकर्ताओं ने दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर जबकि शास्त्री जी ने हमें सादगी और ईमानदारी के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी।आज के समय में इन महान व्यक्तित्वों के विचारों को अपनाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिसमें महिला सिद्दीकी, कमर जहाँ, शाइस्ता, राजेन्द्र उपाध्याय, नवीन सांगूड़ी, सूरज प्रकाश, विनोद कुमार, विशाल भोजक, रक्षित बिष्ट, दिनेश सांगूड़ी, गोविंद बिष्ट, मनोज बिष्ट, अमित रावत, राजा



दी गयी श्रद्धांजलि।महानगर कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने गांधीजी और शास्त्रीजी के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान को याद किया और कहा महात्मा गांधी जी ने हमें अहिंसा और सत्य का मार्ग दिखाया, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मधु सांगूड़ी, शोभा बिष्ट, भागीरथी बिष्ट, राजो टंडन, मलय बिष्ट, हेमन्त बगडवाल, सुहैल सिद्दीकी, योगेश जोशी, हेमवती नंदन दुर्गापाल, ललित जोशी, गोविंद बगडवाल, हेमा पंत, लाली पंत, शाइमा फर्श्वान, मनोज भट्ट, शाद अली अरशद, उदित करायट, ताहिर हुसैन आदि ने गांधीजी के नेतृत्व में भारत की आजादी के संघर्ष को याद करते हुए उनके सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विचारों पर विस्तृत चर्चा की।

# गांधी व शास्त्री जयंती पर एसएसपी ने बांटे कंबल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती आज पुलिस द्वारा प्रतिमाओ का अनावरण एवं माल्यार्पण कर हर्षोल्लास से मनाई गई।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन प्रांगण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं शास्त्री जी की प्रतिमाओं का अनावरण कर माल्यार्पण किया गया। उन्होंने पुलिस बल को गांधीजी के आदर्शों सत्य, अहिंसा के मार्ग पर प्रशस्त रहते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करने की बात कही।इस अवसर पर एसपी सिटी मनोज कत्याल द्वारा पुलिस कार्यालय प्रांगण में एवं अभय सिंह एसपी काशीपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय काशीपुर में तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्रीय कार्यालयो एवं प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारियो द्वारा अपने अपने थाना चौकी कार्यस्थल मैं महान विभूतियों की प्रतिमाओ का अनावरण व मल्यार्पित करते हुए उपरोक्त दोनों महापुरुषों की जयंतियो को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चूंकि गांधी जयंती को स्वच्छता के प्रतीक दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर एसएसपी द्वारा पुलिस विभाग में कार्यरत पर्यावरण मित्र (स्वच्छको) को उनके उत्साहवर्धन हेतु गरम कम्बल वितरित किये गए।



